PRATHAM - SHAH PraDigi प्रडिजि INNOVATION CENTER

# निर्देश

## क्षेत्रफल - आयत और वर्ग

**आप किस तरह के सवाल हल करना सीख जाओगे ?**

- आयत की लम्बाई तथा चौड़ाई देने पर उसका क्षेत्रफल क्या होगा ?
- वर्ग की भुजा देने पर उसका क्षेत्रफल क्या होगा ?

**कैंप के पहले :**

**वीडियो देखें** : 1. आयत और वर्ग का क्षेत्रफल
2. क्षेत्रफल की इकाईयाँ

**कैंप के दौरान :**

**गतिविधि करें** : क्षेत्रफल निकालो ।

**सामग्री** : स्केल, कागज़ ।

**गतिविधि कैसे करेंगे?** : 1. एक निश्चित लम्बाई और चौड़ाई का आयत बनाकर काट लें ।

2. लम्बाई के बराबर कागज़ को मोड़कर समान भाग करें । जैसे अगर लम्बाई 5 सेमी. है तो 5 समान भाग करने हैं ।

3. चौड़ाई के बराबर कागज़ को मोड़कर समान भाग करें । जैसे अगर चौड़ाई 3 सेमी. है तो 3 समान भाग करने हैं ।

4. अब आयत को खोल लें । इसके अन्दर बने छोटे-छोटे वर्गों को गिनें ।

5. आयत में जितने वर्ग हैं, उतने वर्ग सेमी. उस आयत का क्षेत्रफल होगा ।

1.



2.

3.



**वर्कशीट हल करें** : क्षेत्रफल

**कैंप के बाद :**

**करके देखें** - क्षेत्रफल - दिए गए कार्य को करें।